भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. *713 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है

क्रूज पर्यटन

713. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी :
श्री बसवराज बोम्मई :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्रूज भारत मिशन का ब्यौरा क्या है और देश में क्रूज पर्यटन की क्षमता/संभाव्यता को इंगित करते हुए इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या क्रूज पर्यटन में वृद्धि लाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य को आपके मंत्रालय द्वारा आगामी पांच वर्षों में प्राप्त कर लिए जाने की संभावना है;

(ग) यदि हां, तो इसका वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्रूज पर्यटन में अभी तक हुई प्रगति और वर्ष 2029 तक क्रूज पर्यटन को दोगुना करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए / उठाए जाने वाले कदम क्या हैं?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): माननीय मंत्री द्वारा 30 सितंबर 2024 को क्रूज़ भारत मिशन (सीबीएम) लॉन्च किया गया था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए क्रूज़ यात्रियों की संख्या 4.71 लाख थी और सीबीएम के प्रमुख कार्य-निष्पादन संकेतक (केपीआई) के अनुसार, यह संख्या वर्ष 2029 तक बढ़कर 10 लाख हो जाने का लक्ष्य है। सीबीएम में क्रूज़ क्षेत्र की नीति, विनियामक और नियंत्रण के अन्य पहलुओं के साथ-साथ हस्तक्षेप तैयार करने और सभी नियामक एजेंसियों जैसे कि सीमा शुल्क, आव्रजन, सीआईएसएफ, राज्य पर्यटन विभाग, राज्य समुद्री एजेंसियां, जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस की उत्तरदायी भागीदारी को सक्षम बनाने के लिए अंतर-मंत्रालयी एप्रोच संबंधी एक रूपरेखा प्रदान की गई है।

*****